# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2018

## इंटरमीडिएट परीक्षा - 2018

**(ANNUAL / वार्षिक)**

## ECONOMICS

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

SECTION-A

प्रश्न संख्या 1 से 50 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें।

1. निम्नलिखित में से कौन उत्पत्ति का साधन नहीं है ?

(a) भूमि

(b) श्रम

(c) मुद्रा

(d) पूंजी

2. अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्या कौन-सी है?

(a) क्या उत्पादन हो?

(b) कैसे उत्पादन हो?

(c) उत्पादित वस्तु का वितरण कैसे हो?

(d) इनमें से सभी

Biharboardquestionpaper.com

3. किसने कहा "अर्थशास्त्र कभी वास्तविक विज्ञान होता है और कभी आदर्श विज्ञान" ?

(a) मार्शल

(b) फ्रेडमैन

(c) कीन्स

(d) इनमें से कोई नहीं

4. निम्न अर्थशास्त्री में से कौन कल्याणवादी विचारधारा के नहीं हैं?

(a) जे. बी. से

(b) मार्शल

(c) पीगू

(d) कैनन

5. उपयोगता का क्रमवाचक सिद्धांत निम्न में से किसने प्रस्तुत किया?

(a) पीगू

(b) हिक्स एवं ऐलेन

(c) मार्शल

(d) सैम्यूलसन

6. जब कुल उपयोगिता अधिकतम होती है, तब सीमांत उपयोगिता क्या होती है?

(a) धनात्मक

(b) ऋणात्मक

(c) शून्य

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

7. सम सीमांत उपयोगिता नियम का दूसरा नाम क्या है?

(a) उपयोगिता ह्रास नियम

(b) प्रतिस्थापन का नियम

(c) गोसेन का प्रथम नियम

(d) इनमें से कोई नहीं

8. कीमत या बजट रेखा की ढाल क्या होती है?

(a) $-\frac{Px}{Py}$

(b) $-\frac{Py}{Px}$

(c) $+\frac{Px}{Py}$

(d) इनमें से कोई नहीं

9. मांग में संकुचन तब होता है, जब-

(a) कीमत बढ़ती है और मांग घटती है।

(b) कीमत बढ़ती है और मांग भी बढ़ती हैं।

(c) कीमत स्थिर रहती है और मांग घटती है

(d) कीमत घटती है लेकिन मांग स्थिर रहती है

10. मांग की लोच मापने के लिये प्रतिशत या आनुपतिक रीति का प्रतिपादन किसने किया?

(a) मार्शल

(b) फ्लक्स

(c) हिक्स

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

11. यदि मूल्य में 40% परिवर्तन के फलस्वरूप वस्तु की मांग में 60% परिवर्तन होता है तो मांग की लोच क्या होगी ?

(a) 0.5

(b) -1.5

(c) 1

(d) 0

12. दीर्घकालीन उत्पादन फलन का सम्बन्ध निम्न में से किससे है?

(a) मांग का नियम

(b) परिवर्तनशील अनुपातों का नियम

(c) पैमाने के प्रतिफल का नियम

(d) मांग की लोच

13. अल्पकालीन उत्पादन की दशा में एक विवेकशील उत्पादक किस अवस्था में उत्पादन करना पसन्द करेगा ?

(a) प्रथम अवस्था

(b) द्वितीय अवस्था

(c) तृतीय अवस्था

(d) इनमें से कोई नहीं

14. मौद्रिक लागत में निम्नलिखित में किसे सम्मिलित किया जाता है?

(a) सामान्य लाभ

(b) व्यक्त लागत

(c) अव्यक्त लागत

(d) उपयुक्त सभी

BiharboardQuestionpaper.com

15. औसत परिवर्तनशील लागत क्या है?

(a) कुल परिवर्तनशील लागत × उत्पाद

(b) कुल परिवर्तनशील लागत + उत्पाद

(c) कुल परिवर्तनशील लागत − उत्पाद

(d) कुल परिवर्तनशील लागत ÷ उत्पाद

16. फर्म का लाभ निम्नलिखित में किस शर्त को पूरा करने पर अधिकतम होगा?


(a) सीमांत आगम = सीमांत लागत

(b) सीमांत लागत वक्र सीमांत आगत रेखा को नीचे से काटती है

(c) दोनों (a) और (b)

(d) इनमें से कोई नहीं

17. निम्नांकित चित्र क्या प्रदर्शित करता है?




(a) पूर्ति का विस्तार

(b) पूर्ति का संकुचन

(c) पूर्ति में वृद्धि,

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

18. पूर्ति की लोच क्या है, जब $e_s = 0$ है?

(a) पूर्णतः लोचदार पूर्ति

(b) पूर्णतः बेलोचदार पूर्ति

(c) कम लोचदार पूर्ति

(d) इकाई लोचदार पूर्ति

19. किस बाजार में फर्म का स्वतंत्र प्रवेश तथा बहिर्गमन होता है ?

(a) एकाधिकारी प्रतियोगिता बाजार

(b) अपूर्ण प्रतियोगिता बाजार

(c) पूर्ण प्रतियोगिता बाजार

(d) इनमें से कोई नहीं

20. निम्न में से कौन सही सम्बन्ध है?

(a) सीमांत आगम (MR) = औसत आगम (AR) $\left(\frac{e-1}{e}\right)$

(b) कुल आगम (TR) = सीमांत आगम (MR) $\left(\frac{e-1}{e}\right)$

(c) दोनों (a) और (b)

(d) इनमें से कोई नहीं

21. निम्न में से कौन एकाधिकार की विशेषता नहीं है ?

(a) एक क्रेता और अधिक विक्रेता

(b) निकट स्थानापन्न का अभाव

(c) नए फर्मों के प्रवेश पर प्रतिबन्ध

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

22. किस बाजार में वस्तु विभेद पाया जाता है?

(a) शुद्ध प्रतियोगिता

(b) पूर्ण प्रतियोगिता

(c) एकाधिकार

(d) एकाधिकारी प्रतियोगिता

23. किसने कीमत निर्धारण प्रक्रिया में 'समय तत्व' का विचार प्रस्तुत किया?

(a) वालरस

(b) जे. के. मेहता

(c) मार्शल

(d) रिकार्डो

24. बाजार मूल्य का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किससे है?

(a) स्थायी मूल्य

(b) अतिअल्पकालीन मूल्य

(c) सामान्य मूल्य

(d) इनमें से सभी

25. स्थायी पूंजी का उपभोग क्या है?

(a) पूंजी निर्माण

(b) घिसावट

(c) निवेश

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

26. घिसावट व्यय किसमें सम्मिलित रहता है?

(a) $GNP_{MP}$

(b) $NNP_{MP}$

(c) $NNP_{FC}$

(d) इनमें से कोई नहीं

27. द्वितीयक क्षेत्र में निम्नांकित में से कौन-सी सेवाएँ सम्मिलित है?

(a) बीमा

(b) विनिर्माण

(c) व्यापार

(d) बैंकिंग

28. राष्ट्रीय आय में निम्नलिखित में से किसे सम्मिलित किया जाता है?

(a) हस्तान्तरण भुगतान

(b) शेयर और बॉण्ड की बिक्री से प्राप्त राशि

(c) काले धंधे से प्राप्त आय

(d) इनमें से कोई नहीं

29. निम्नलिखित में किसके अनुसार "मुद्रा वह धुरी है जिसके चारों ओर समस्य अर्थ विज्ञान चक्कर लगाता है" ?

(a) कीन्स

(b) रॉबर्टसन

(c) मार्शल

(d) हाट्रे

BiharboardQuestionpaper.com

30. मुद्रा के स्थैतिक और गत्यात्मक कार्यों का विभाजन किसने किया?

(c) रैगनर फ्रिश

(b) पॉल ऐंजिंग

(c) मार्शल

(d) इनमें से कोई नहीं

31. साख गुणक क्या है ?

(a) $\frac{1}{\text{नकद कोष अनुपात}}$

(b) नकद $\times \frac{1}{\text{नकद कोष अनुपात}}$

(c) नकद x नकद कोष अनुपात

(d) इनमें से कोई नहीं

32. व्यावसायिक बैंक के प्रमुख कार्य क्या हैं?

(a) ग्राहकों की जमा स्वीकार करना

(c) नोट निर्गमन

(b) ग्राहकों को कर देना

(d) केवल (a) और (b)

33. निम्न में से किसका सम्बन्ध बैंकिंग सुधार से है?

(a) 1991

(b) नरसिंहम समिति

(c) वाई. वी. रेड्डी समिति

(d) केवल (a) और (b)

BiharboardQuestionpaper.com

34. किस वर्ष में भारत में 14 बड़े अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया?

(a) 1949

(b) 1955

(c) 1969

(d) 2000

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

35. निवेश के निर्धारक घटक कौन से हैं?

(a) पूंजी की सीमांत क्षमता

(b) ब्याज दर

(c) दोनों (a) और (b)

(d) इनमें से कोई नहीं

36. अगर सीमांत उपभोग प्रवृत्ति 0.5 है तो गुणक (K) क्या होगा ?

(a) ½

(b) 0

(c) I

(d) 2

BiharboardQuestionpaper.com

37. कीन्स के अर्थव्यवस्था में न्यून माँग की दशा को निम्नलिखित में किस नाम से पुकारा जाता है?

(a) पूर्ण रोजगार संतुलन

(b) अपूर्ण रोजगार संतुलन

(c) दोनों (a) और (b)

(d) इनमें से कोई नहीं

38. सीमान्त उपभोग प्रवृति निम्न में से कौन है?

(a) $\frac{\Delta Y}{\Delta C}$

(b) $\frac{\Delta C}{\Delta Y}$

(c) $\frac{\Delta Y}{\Delta I}$

(d) इनमें से कोई नहीं

39. गुणात्मक साख नियंत्रण के अन्तर्गत निम्नलिखित में किसे शामिल किया जाता है?

(a) ऋणों की सीमान्त आवश्यकता में परिवर्तन

(b) साख की राशनिंग

(c) प्रत्यक्ष कार्यवाही

(d) उपर्युक्त सभी

40. निम्नलिखित में से कौन अप्रत्यक्ष कर है?

(a) आय कर

(b) सम्पति कर

(c) उत्पाद कर

(d) उपहार कर

41. ऐसे व्यय जो सरकार के लिए किसी परिसम्पत्ति का सृजन नहीं करते हैं, क्या है?

(a) राजस्व व्यय

(b) पूँजीगत व्यय

(c) दोनों (a) और (b)

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

42. निम्न में से कौन राजकोषीय घाटे से होने वाला खतरा है?

(a) अपस्फीतिकारी दबाव

(b) स्फीतिकारी दबाव

(c) दोनों (a) और (b)

(d) इनमें से कोई नहीं

43. निम्न में से कौन सरकार द्वारा उधार लेने के कारणों की ओर ध्यान आकर्षित करता है?

(a) राजकोषीय घाटा

(b) प्राथमिक घाटा

(c) राजस्व घाटा

(d) उपर्युक्त सभी

44. निम्न में से कौन प्राथमिक घाटे का सही माप है?

(a) राजकोषीय घाटा - राजस्व घाटा

(b) राजस्व घाटा - ब्याज का भुगतान

(c) राजकोषीय घाटा - ब्याज का भुगतान

(d) पूँजीगत व्यय - राजस्व व्यय

45. 'बजट' निम्न में से कौन सा शब्द है ?

(a) लैटिन

(b) जर्मन

(c) फ्रेंच

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

46. निम्न में से भुगतान शेष की परिभाषा किसने दी ?

(a) मार्शल

(b) बेन्हम

(c) कीन्स

(d) कैनन

47. भुगतान शेष के अन्तर्गत निम्न में कौन-सी मदें सम्मिलित हैं?

(a) दृश्य मदें

(b) अदृश्य म

(c) पूंजी अन्तरण

(d) उपर्युक्त सभी

48. भुगतान सन्तुलन की निम्नलिखित में कौन सी विशेषता है?

(a) क्रमबद्ध रेखा रिकार्ड

(b) निश्चित समय-अवधि

(c) व्यापकता

(d) उपर्युक्त सभी

49. पूंजी खाते के अन्तर्गत निम्नलिखित में किसे शामिल किया जाता है?

(a) एकपक्षीय अंतरण

(b) निजी सौदे

(c) विदेशी प्रत्यक्ष विनियोग

(d) दोनों (b) और (c)

BiharboardQuestionpaper.com

50. व्यापार संतुलन का क्या अर्थ है?

(a) पूँजी का लेन-देन

(b) वस्तुओं का आयात एवं निर्यात

(c) कुल क्रेडिट तथा डेबिट

(d) उपर्युक्त सभी

## SECTION - B

प्रश्न संख्या 1 से 22 लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

1. सीमांत उपयोगिता और कुल उपयोगिता से आप क्या समझते हैं ?

2. पूरक वस्तु और स्थानापन्न वस्तु में अन्तर स्पष्ट करें।

3. मांग वक्र नीचे क्यों गिरता है ?

4. मांग की कीमत लोच की परिभाषा दें।

5. उत्पादन फलन क्या है ?

6. अल्पकालीन औसत लागत 'U' आकार का क्यों है ?

7. फर्म के अधिकतम लाभ की शर्तें क्या हैं ?

8. पूर्ति अनुसूची' एवं 'पूर्ति वक्र से आप क्या समझते हैं ?

9. पूर्ण प्रतियोगिता में किसी फर्म के मांग वक्र की प्रकृति क्या होगी ?

10. बाजार मूल्य क्या है ?

11. पूर्ण प्रतियोगिता और एकाधिकार में किन्हीं दो अन्तर को लिखिए।

BiharboardQuestionpaper.com

12. आय का चक्रीय प्रवाह क्या है ?

13. बाजार कीमत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद ($NNP_{MP}$) और साधन लागत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद ($NNP_{FC}$) में क्या अंतर है ?

14. वैयक्तिक प्रयोज्य आय क्या है ?

15. सकल राष्ट्रीय उत्पाद क्या है ?

16. मुद्रा के प्राथमिक कार्य समझाइए ।

17. व्यावसायिक बैंक की विशेषताएँ बताइए।

18. ऐच्छिक एवं अनैच्छिक बेरोजगारी में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

19. स्फीतिक अन्तराल और अवस्फीतिक अन्तराल में क्या अन्तर है ?

20. घाटे का बजट क्या है ?

21. सरकारी बजट के किन्हीं दो उद्देश्यों को समझाइए ।

22. भुगतान शेष के संघटकों को बताइए

प्रश्न संख्या 23 से 26 दीर्घ उत्तरीय हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए पाँच अंक निर्धारित हैं।

23. सम सीमांत उपयोगिता नियम क्या है ?

अथवा

उदासीनता वक्र की विशेषताएँ क्या है?

24. कुल स्थिर लागत, कुल परिवर्तनशील लागत और कुल लागत का क्या अर्थ है ? इसके सम्बन्ध को समझाइए ।

BiharboardQuestionpaper.com

अथवा

कुल आगम, सीमान्त आगम और औसत आगम को उदाहरण देकर समझाइए।

25. राष्ट्रीय आय की विभिन्न धारणाओं को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

राष्ट्रीय आय की गणना करने के लिए आय एवं व्यय प्रणाली की व्याख्या करें।

26. निवेश गुणक के कार्यकरण की व्याख्या करें।

अथवा

मौद्रिक नीति क्या है ? 'अतिरेक-मांग' तथा 'न्यून मांग' की स्थिति में इसका कैसे प्रयोग किया जाता है ?

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com